प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा प्रदर्शनी आयोजित

पंतनगर। 16 जून 2022। विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग के अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा सी.टी. संकलन, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वस्त्र एवं परिधान विभाग के कोर्स 'डिजाइनिंग एण्ड प्रोडक्शन इन टेक्सटाइल एण्ड एपैरल' के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न गृह उपयोगी वस्तुएं, जैसे कुशन कवर, चादरें, बैग, टेबल कवर आदि निर्मित किए गए। छात्राओं द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के लिए भी परिधान जैसे छोटे बच्चों की ड्रेस, गाउन, शरारा सैट आदि भी निर्मित किए गये, जिसका शुभारंभ कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। छात्राओं ने कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला को परिधान तथा गृह उपयोगी वस्तुएं के निर्माण की सभी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं द्वारा विभिन्न थीम जैसे डॉन व डस्क, पॉप आर्ट, राजस्थानी, वन लाइन आर्ट आदि पर काम किया गया। डा. शुक्ला ने छात्राओं द्वारा निर्मित कलात्मक गृह उपयोगी वस्तुओं तथा परिधानों की भरपूर प्रशंसा की। प्रदर्शनी में अधिष्ठात्री गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल ने वस्त्र एवं परिधान विभाग की छात्राओं द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की तथा कोर्स इंचार्ज, डा. शेफाली मैसी तथा डा. सोनू रानी को प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर बधाई दी। प्रदर्शनी में वस्त्र एवं विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. शहनाज जहां; प्रोफेसर, डा. मनीषा गहलौत, डा. सीमा क्वात्रा, डा. अदिति वत्स, डा. अनुपमा पाण्डे आदि उपस्थित थे।

दीप प्रज्ज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला।